श्रावस्ती में भी नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी

श्रावस्ती। सोनौली बॉर्डर से तीन आतंकवादियों के गुरुवार को पकड़े जाने के बाद श्रावस्ती में भी भारत नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही सीमा पर निगरानी बढ़ा दी गई है। एसएसबी कमांडेन्ट ने एटीएस अधिकारियों के साथ बैठक कर सीमा सुरक्षा पर चर्चा की। अयोध्या में राम मन्दिर बनने के बाद पहली राम नवमी व सोनौली सीमा पर दो पाकिस्तानी समेत तीन आतंकवादियों के पकड़े जाने को लेकर शुक्रवार को 62वीं कमांडेन्ट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी ने एटीएस के अधिकारियों के बीच बैठक हुई। बैठक में भारत नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ाने के साथ ही कड़ी निगरानी रखने को लेकर रणनीति बनाई गई।